<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

विषय – हिंदी

कक्षा – 8 अभ्यास पत्र , जुलाई (2024-2025)

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फले ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा।

उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

प्रश्न i) इस गद्यांश में लेखक क्या समझाना चाहता है ?
प्रश्न ii) कार्य यदि समय के बाद पूरा हो तो वह निष्फल हो जाता है |क्यों ?
प्रश्न iii) खेत का रखवाला उपहास का पात्र कब बन जाता है ?
प्रश्न iv) गद्यांश में मेहनत के लिए दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए |
प्रश्न v) गद्यांश में प्रयोग किए गए कोई भी चार समुच्चयबोधक शब्द लिखिए |

प्रश्न 2.वाक्यों में प्रयुक्त कारक के भेद लिखिए -

i) <u>माँ</u> ने बिस्तर लगा दिया है |

ii) <u>बिस्तर पर</u> गंदे पाँव नहीं जाना |

iii) राम <u>कलम से</u> लिखता है।

iv) मोहन <u>ब्राह्मण को</u> दान देता है|

प्रश्न 4 दिये गए वाक्यों में विशेषण शब्द छाँटकर उसका भेद लिखिए |

i) काली जटा वाला जादूगर कौन है?

ii) कुछ बच्चे पढ़ना नहीं चाहते।

iii) आप थोड़ी सी चाय पी लो।

iv) चाय बनाने के लिए एक पाव दूध चाहिए।

प्रश्न 5 पूर्वकालिक क्रिया और नामधातु क्रिया के दो-दो उदाहरण लिखिए|

प्रश्न 8.निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए।

1) कवि ने भगवान के डाकिए किन्हें कहा है और क्यों ?
2) आप अखबारों से किस प्रकार की खबरें पढ़ना पसंद करते हैं ?
3) अंत में बस में क्या माहौल हो गया था ?
4) लेखक ने 'क्या निराश हुआ जाए'पाठ में क्या संदेश दिया है ?

प्रश्न9. दो सहेलियों के बीच अपनी-अपनी पसंद के खेल के बारे में चर्चा करते हुए 40-50 शब्दों में संवाद लिखिए ।